पुतिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ नई बैठक के लिए तैयार



मास्को। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच नई बैठक के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। अगर रूस और अमरीका के बीच बैठक की बात करें, तो राष्ट्रपति पुतिन इसके लिए तैयार हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ट्रंप अपनी टेलीफोन पर बातचीत में हमेशा इस बात को दोहराते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे भविष्य में एक और बैठक करने के लिए तैयार हैं।

चुनाव आयोग पर सियासी तूफान

विपक्ष हमलावर; प्रियंका बोलीं, देशद्रोह के आरोप में सीईसी पर चले आपराधिक मुकदमा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली



देश के अंदर चुनाव आयोग को लेकर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया के दौरान यदि किसी तरह अनुचित एवं अवैध काम हुआ है तो मुख्य चुनाव आयुक्त सहमति जो भी जिम्मेदार हैं, उनके ऊपर आपराधिक मुकदमा चलाया जाना चाहिए। एसआईआर प्रक्रिया में चुनाव आयुक्तों में मतभेद होने की रिपोर्ट पर भी उन्होंने सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल देने का किसी भी तरह का प्रयास देश के संविधान के खिलाफ एक गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि मेरा जवाब बहुत ही स्पष्ट है। हमारे चुनाव की लोकतांत्रिक प्रकिया के साथ यदि कोई भी खिलवाड़ करता है तो यह देशद्रोह है। इस पर हमारा रुख बिलकुल स्पष्ट और साफ है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में हेरफेर और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाना गंभीर अपराध होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग के लिए आज देशभर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर देशभर में आंदोलन करने की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव-संगठन केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में हो रहे चुनाव में बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' की कवायद को उजागर कर रहे हैं। उनका कहना था कि एक दिन पहले जो खुलासे सामने आए हैं उन खुलासों के बाद लोकतंत्र के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्तका कथित राष्ट्रविरोधी कृत्य स्पष्ट रूप से सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरेगी और उसने अपनी सभी प्रदेश इकाइयों को 25 सितंबर को अपने राज्य के निर्वाचन आयोग कार्यालयों तक बड़े पैमाने पर विरोध मार्च आयोजित करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में हेरफेर करना, मेरा मानना है कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाना... लोकतंत्र, संविधान और देश के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त को अनियमितताओं की जानकारी थी।



लोकतंत्र की हत्या का केंद्र बन गया है चुनाव आयोग

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने मुख्य चुनाव आयुक्त(सीईसी) ज्ञानेश कुमार को संवैधानिक 'माफिया' करार देते हुए आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग 'लोकतंत्र की हत्या का केंद्र' बन गया है। चुनाव आयोग के भीतर असहमति को रेखांकित करते हुए श्री राउत ने गुरुवार को कहा कि दो चुनाव आयुक्तों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रियाओं के दौरान मनमाने फैसलों और आंकड़े हटाए जाने पर औपचारिक आपत्ति जताई थी। उन्होंने सीईसी के फैसलों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश से जोड़ते हुए उनसे तत्काल इस्तीफे तथा जवाबदेही की मांग की।

मुकेश सहनी का विवादित बयान, अगर एक खून माफ होता, तो गोली मार देता



नई दिल्ली। विकासशील इनसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विवादित बयान दे दिया है। मुकेश सहनी ने कहा कि अगर एक खून माफ होता तो वो ज्ञानेश कुमार को गोली मार देते। ज्ञानेश कुमार पर लग रहे मनमानी के आरोपों को लेकर जब सहनी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये चुनाव आयोग जो है, बीजेपी का आयोग बन चुका है और ज्ञानेश कुमार को मैं कहना चाहता हूं, सब दिन समय एक जैसा नहीं रहता है, थोड़ा शर्म करो तुम, देश के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हो। अभी अगर हमको एक खून माफ होता तो सबसे पहले ज्ञानेश को गोली मार देते, लेकिन क्या करें, आने वाले समय में ये छुटेंगे नहीं, 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और पहला आदमी यही होंगे जो जेल जाएंगे। जो इनके साथ हैं, वे भी जेल जाएंगे। कोई बचने वाला नहीं है।

30 लाख मतदाता हटाने की साजिश



कोलकाता। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है। अब ममता बनर्जी की ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने सीईसी पर हमला बोला है। अभिषेक बनर्जी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ऑब्जर्वर ग्रुप का कथित व्हाट्सऐप स्क्रीनशॉट शेयर कर आयोग पर बड़ा हमला बोला है। अभिषेक बनर्जी का आरोप है कि चुनाव आयोग के एक व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिए मतदाता सूची से करीब 30 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की गंभीर साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि देश की जनता को यह सब बिलकुल बर्दाश्त नहीं होगा और मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ-साथ देश के मुख्य न्यायाधीश को भी जनता के सामने इन गंभीर सवालों के जवाब देने होंगे। इन बढ़ते विवादों से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच यह रार और भी तीखी होने वाली है।

मुश्किल में सीईसी, महुआ मोइत्रा ने थाने में दर्ज कराई शिकायत



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पुलिस में शिकायत पहुंच गई है। ममता बनर्जी की ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एमएआईटीसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। महुआ मोइत्रा ने ये शिकायत उस रिपोर्ट के बाद की है, जिसमें आरोप लगा है ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में मनमानी कर रहे हैं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि मैं आज भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन आई हूं, जिन्होंने आपराधिक आचरण किया है। यह आपराधिक आचरण क्या है?

भारत-पाकिस्तान का झगड़ा सुलझाने में सिस्टम फेल

एजेंसियां — न्यूयॉर्क



- अमरीकी विदेश मंत्री रुबियो बोले, दुनिया में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बुरी तरह बिखरी

अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने वैश्विक तंत्र पर साफ-साफ बात करते हुए कहा कि 'इंटरनेशनल सिस्टम खराब हो चुका है' और इसमें बड़े झगड़ों- जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित टकराव - को सुलझाने या कम करने की क्षमता नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि देश अब ज्यादातर अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से काम करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान श्री रुबियो ने कहा कि दुनिया के नेताओं के बीच इस बात पर आम सहमति है कि मौजूदा इंटरनेशनल सिस्टम बड़े संकटों से निपटने में नाकाम हो रहा है। मुझे लगता है कि इंटरनेशनल सिस्टम अभी अच्छी हालत में नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों की भी एक सीमा होती है और वह सीमा है 'आपका राष्ट्रीय हित।' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में बहुत क्षमता है, लेकिन वह उस पर खरा नहीं उतर रहा है।

भाजपा ने 24 नए संगठन संयुक्त महासचिव नियुक्त किए

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राज्यों में प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति के बाद गुरुवार को संगठन से जुड़ी 24 नई नियुक्तियों की घोषणा की है। भाजपा की ओर से जारी एक अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) शिवप्रकाश को आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा में पार्टी के संगठनात्मक मामलों का प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) सौदान सिंह को बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल का प्रभार सौंपा गया है। धर्मपाल को उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय संयुक्त संगठन महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश पार्टी के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चों के संगठनात्मक मामलों का प्रभार संभालेंगे। उन्हें पार्टी के संसद कार्यालय का प्रभारी भी बनाया गया है। पार्टी ने कहा कि ये नियुक्तियां तुरंत लागू होंगी। अजय जामवाल को महाराष्ट्र का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है।



HP-PERC
H.P. PRIVATE EDUCATIONAL INSTITUTIONS REGULATORY COMMISSION

एजुकेशन कॉन्क्लेव- 2026

हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग (HP-PERC)
एवं
हिमाचल प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों
के संयुक्त तत्वावधान में

"उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता की ओर"

हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, अनुसंधान एवं कौशल विकास को नई दिशा प्रदान करने तथा निजी शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगात्मक कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शिक्षा सम्मेलन का आयोजन



हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन
माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू जी

दिनांक
25 सितम्बर, 2026

स्थान
भाषा, कला एवं संस्कृति
ऑडिटोरियम, सोलन (हि० प्र०)

के मार्गदर्शन एवं गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ शिक्षाविद्, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं अन्य शिक्षाविद् सहभागिता करेंगे।

आइए, मिलकर हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कार्ययोजना सुनिश्चित करें।

CHITKARA UNIVERSITY · Shoolini University · ARNI UNIVERSITY · IEC · ICFAI · BBU · INDUS UNIVERSITY · MAHARAJA AGRASEN UNIVERSITY · MAHARISHI MARKANDESHWAR UNIVERSITY

एफ-35 फाइटर जेट के पार्ट्स चीन के हाथ लगे

ड्रैगन के कब्जे की रिपोर्ट से हड़कंप, ऑस्ट्रेलिया से अमरीका जा रहे थे, हांगकांग पहुंचे



एजेंसियां — वाशिंगटन

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अमरीका दौरे के बीच अमरीकी लड़ाकू विमान एफ-35 से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने उसकी सुरक्षा और सप्लाई चेन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया से अमरीका भेजे जा रहे एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट के कुछ अहम पार्ट्स मई में अचानक हांगकांग पहुंच गए। अब रिपोर्ट के मुताबिक, इन पार्ट्स को चीनी सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है और अभी तक वापस नहीं किया है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद ऑस्ट्रेलिया और अमरीका का रक्षा विभाग यह जांच कर रहा है कि आखिर एफ-35 के ये पार्ट्स अमरीका पहुंचने के बजाय हांगकांग कैसे पहुंच गए। हांगकांग चीन का विशेष प्रशासनिक क्षेत्र है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन सामान में कॉकपिट कैनोपी और हथियार रखने वाले हिस्से का दरवाजा शामिल था। दोनों पर राडार-रोधी सामग्री की कोटिंग थी, जो विमान की स्टील्थ क्षमता बढ़ाने में मदद करती है। एफ-35 जॉइंट प्रोग्राम ऑफिस ने कहा है कि वह अमरीकी अधिकारियों और इंडस्ट्री पार्टनर्स के साथ मिलकर इन पार्ट्स को वापस लाने और घटना की जांच करने पर काम कर रहा है। भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना के पास 72 एफ-35ए लाइटनिंग-2 स्टील्थ लड़ाकू विमान हैं। मई के अंत में एक ऑस्ट्रेलियाई एफ-35 के कॉकपिट कैनोपी और हथियार बे के दरवाजे को जांच, मरम्मत या जरूरत पड़ने पर नष्ट करने के लिए अमरीका भेजा जा रहा था। इसकी शिपिंग यूपीएस के जरिए की जा रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अमरीका जाते समय यह शिपमेंट दक्षिण कोरिया में रुका और इसके बाद अचानक हांगकांग पहुंच गया। यह स्पष्ट नहीं है कि दक्षिण कोरिया में यह शिपमेंट क्यों रुका और फिर इसे हांगकांग की ओर कैसे मोड़ दिया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी को राहत, पुलिस की कार्रवाई पर रोक

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को गुरुवार को राहत देते हुए उनके खिलाफ पुलिस की अगली कार्रवाई पर रोक लगा दी। प्रधान के वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस ने उनके खिलाफ एक और पुराने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने अपने आदेश में कहा कि आगामी 12 अक्तूबर तक इस नए मामले में प्रधान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न की जाए। इस आदेश के तहत पुलिस इस दौरान उन्हें इस मामले में गिरफ्तार भी नहीं कर सकती। मामले की अगली सुनवाई 12 अक्तूबर को होगी। प्रधान ने नंदीग्राम में 2007 के जमीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन से जुड़े मामलों में गिरफ्तारी के बाद राहत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN:L65910KL1992PLC006623,
RegisteredOffice:W-4/638A,ManappuramHouse, P.O.Valapad,Thrissur-680567,Kerala,India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/10/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
कांगड़ा, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश, 0138470700003914, 3937, 3973, 0138470730004223, 6941, 6946, 7034, 7035, 7055, 7078, 7084, 7089, 7090, 7103, 7107, 7108, 7109, धर्मशाला रोड कांगड़ा, 0135950700009026, 9519, 9533, 9558, 0135950730011517, 6334, 6366, 6425, 6437, 6452, 6456, 6486, 6496, 6503, 6516, योल कैंट, 0139420700003064, 3477, 3521, 3526, 3539, 3543, 3549, 3554, 0139420730002509, 5820, 5821, 5840, 5864, 0141, मंडी, नेर चौक सुंदरनगर, 0139010700003725, 4252, 4281, 4290, 4297, 4301, 4308, 4312, 4314, 4319, 4321, 4326, 0139010730003775, 6356, 6384, 6401, 6416, 6417, 6418, 6422, 6424, 6448, 6454, 6455, 6461, 6462, 6465, 6475, रामनगर मंडी, 0137800700002900, 2903, 2934, 0137800730004013, 4015, 4037, 4050, 4072, 4077, सुंदर नगर-एपी, 0136030700011274, 1281, 1283, 1295, 1303, 1305, 1306, 1310, 1314, 1321, 1324, 1329, 1330, 0136030730011132, 1171, 1224, 1225, 1230, 1240, 1241, 1242, 1248, 1251, 1258, 1260, 1264, 1270, 1271, 1272, 1273, 1278, 1279, 1283, 1286, 1288, 1289, 1290, 1291, 1292, 1293, 1305, 1306, 1307, 1311, 1318, 1319, 1320, सोलान, बद्दी एच.पी., 0135990700014973, 5663, 5868, 6972, 7260, 7414, 7420, 7422, 7447, 7469, 8155, 8226, 8228, 8238, 8263, 8269, 8274, 8276, 8283, 8292, 8297, 8301, 8316, 0135990730012886, 3000, 3113, 3114, 3115, 3127, 3139, 3140, 3181, 3281, 7189, 7194, 7239, 7256, 7261, 7295, 7309, 7341, 7401, 7408, 7417, 7430, 7431, 7443, परवानू, 0127190700008435, 8537, 8538, 8944, 0127190730005839, 6454, 6510, ठाकुर कॉम्प्लेक्स सोलन, 0135150700013317, 3355, 4117, 4124, 4129, 4138, 4152, 4161, 4173, 4175, 0135150730014101, 6761, 6768, 6770, 6782, 6792, 6794, 6795, 6796, 6798, 6803, 6806, 6811, 6812, 6813, 6832, 6833, 6845, 6850, 6859, 6863, 6864, 6865, उना, अम्ब उना एच.पी., 0138770700002616, 2743, 3114, 0138770730003577, 3611, 3622, 3626, 3627, 3628, हमीरपुर रोड उना, 0135130700008104, 8110, 8210, 8236, 8663, 8681, 8683, 0135130730006589, 6605, 7996, 8007, 8013, 8014, 8028, 8029, 8043, 8048, 8053, 8054, 8064, 8068, 8076, 8078, 8079, 8081, 0115, मेहतपुर बस्देहरा, 0138550700004049, 4056, 4064, 0138550730001771, 3415, 3463, संतोखगढ़ ऊना हिमाचल प्रदेश, 0138710700004590, 4635, 4649, 4659, 0138710730002460, 4109, 4205, 4264, 4265,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9911809139 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

H.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड



अपील

किसानों से अपील
1. अपनी उपज की सही ग्रेडिंग एवं पैकिंग करके मण्डियों में लाएं।
2. अपनी उपज केवल मण्डी समिति से पंजीकृत आढ़तियों के माध्यम से ही बेचें।
3. बेचे गए उत्पाद का आढ़ती से 'R' फार्म अवश्य लें।
4. मण्डी समिति द्वारा तय दरों अनुसार ही लोडिंग, अनलोडिंग तथा तुलाई आदि का भुगतान करें। तय दरों से अधिक वसूलने या किसी अनाधिकृत कटौती की शिकायत संबंधित मण्डी प्रभारी या सचिव से करें।
5. उपज को मण्डी में उतारने के बाद गाड़ी मण्डी परिसर से बाहर खड़ी करें।
6. सेब पैकिंग हेतु हि.प्र. सरकार द्वारा निर्धारित कार्टनों का ही प्रयोग करें। सरकार की अधिसूचना के अनुसार सेब के विभिन्न ग्रेडों हेतु यूनिवर्सल कार्टन के आयाम निम्न प्रकार से हैं।

सेब के ग्रेड	कार्टन का आकार
लार्ज, मीडियम, स्मॉल	500 मिमी X300 मिमी X330 मिमी
एक्ट्रा लार्ज, एक्ट्रा स्मॉल एवं पितू	500 मिमी X300 मिमी X310 मिमी

आढ़तियों एवं व्यापारियों से अपील
1. बिना पंजीकरण के व्यापार अवैध है। अतः अपना पंजीकरण एवं नवीनीकरण सुनिश्चित करें।
2. उपज का मूल्य खुली बोली/पारदर्शिता से तय करें।
3. उपज का वजन सत्यापित इलैक्ट्रॉनिक कांटों से करें।
4. किसानों को उनकी उपज की बिक्री उपरांत 'R' फार्म देना सुनिश्चित करें।
5. उपज की बिक्री उपरांत क्रेता को 'Q' फॉर्म देना सुनिश्चित करें।
6. कृषि उत्पाद की लोडिंग, अनलोडिंग तथा तुलाई आदि का प्रभार कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा निर्धारित दरों अनुसार ही वसूल करें।
7. किसी भी प्रकार की अनाधिकृत कटौती वर्जित है। उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध अधिनियमानुसार पंजीकरण रद्द करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
8. किसानों को उनकी उपज का बिक्री उपरांत तुरंत भुगतान सुनिश्चित करें।

खरीददारों, प्रसंस्करणकर्ताओं एवं निर्यातकों से अपील
हिमाचल के उत्पादक क्षेत्रों से सीधे, सुनिश्चित मात्रा में गुणवत्तापूर्ण फल, सब्जियां, खाद्यान्न तथा औद्यानिकी उपज प्राप्त करें। ई-नाम कनेक्टिविटी, आधुनिक ग्रेडिंग एवं पैकिंग सुविधाओं तथा विस्तृत होते शीत भंडारण नेटवर्क के साथ, हमारी मण्डियां राज्य की कृषि सम्पदा तक एक भरोसेमंद, पारदर्शी एवं कुशल मार्ग प्रदान करती हैं - साथ ही कृषि प्रसंस्करण अधोसंरचना में निवेश हेतु आकर्षक अवसर भी।



मंडियों से संबंधित शिकायतों हेतु निम्न नंबरों पर संपर्क करें।

क्र. सं.	कृषि उपज मण्डी समिति का नाम	संपर्क नंबर	क्र. सं.	कृषि उपज मण्डी समिति का नाम	संपर्क नंबर
1	बिलासपुर	70184-01824	6.	मण्डी	85804-68820
2.	चम्बा	78763-18747	7.	शिमला एवं किन्नौर	98825-12330
3.	हमीरपुर	85447-37677	8.	सिरमौर	82197-65475
4.	कांगड़ा	70189-63500	9.	सोलन	94183-90866
5.	कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति	70184-06127	10.	ऊना	94185-93312

अपनी नजदीकी ए.पी.एम.सी. मण्डी, ई-नाम पंजीकरण, सूचना तथा ए.पी.एम.सी. संपर्क विवरण के लिए hpsamb.hp.gov.in पर लॉग ऑन करें।

किसानों एवं बागवानों का दोस्त
हि.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड खलीणी, शिमला- 171002
द्वारा जनहित में जारी